गुरु घासीदास विश्वविद्यालय बना मलेशियाई विश्वविद्यालय का भागीदार

चर्चा में क्यों?

हाल ही में छत्तीसगढ़ स्थित गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर, 'सतत् खाद्य प्रणाली की दिशा में अनुसंधान और नवाचार'विषय पर मलेशिया के केलानटन विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित स्नातकोत्तर संगोष्ठी में एक अंतर्राष्ट्रीय भागीदार बना।

प्रमुख बिंदु

- केलानटन विश्वविद्यालय के कृषि आधारित उद्योग के संकाय द्वारा आयोजित कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय भागीदार बनने के लिये गुरु घासीदास विश्वविद्यालय को प्रशंसा-पत्र जारी किया गया है।
- यह सम्मेलन गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लाइफ साइंसेज और केलानटन विश्वविद्यालय द्वारा ऑनलाइन मोड में आयोजित किया गया था।
- योग्यकार्ता विश्वविद्यालय (इंडोनेशिया), योगी वेमना विश्वविद्यालय, (आंध्र प्रदेश), प्रिंसेस ऑफ नरधिवास विश्वविद्यालय, (थाईलैंड) और विक्रम सिंहपुरी विश्वविद्यालय, (आंध्र प्रदेश) भी सहयोगी के रूप में शामिल हुए।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/guru-ghasidas-university-becomes-partner-of-malaysian-university